**खबर संक्षेप**

## पुलिस थाना महाराजपुर द्वारा नो एंट्री के उल्लंघन पर 7 ट्रेक्टर चालकों पर हुई चालानी कार्यवाही



**मण्डला।** मंडला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना महाराजपुर पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान नो-एंट्री उल्लंघन करने वाले 7 ट्रैक्टर ट्रॉली जिसमें MP 51 AA 6836, MP 51 ZA 7599, MP 51 AA 7428, MP 51 ZB 0747, MP 51 ZA 2028, MP 51 G 1051, MP 51 AA 6051 के वाहन चालकों के विरूद्ध धारा 115/194(2) मोटर वाहन अधिनियम के तहत कुल 35 हजार रूपये का चालानी कार्यवाही की गई। ट्रैक्टर चालकों को ट्रॉली का वाणिज्यिक पंजीयन कराने, सभी वैध दस्तावेज साथ रखने, निर्धारित समय पर ही शहर में वाहन संचालन करने तथा ट्रैक्टर में लेबर या अन्य व्यक्तियों को नहीं बैठाने संबंधी सख्त समझाइश दी गई।

**जहरमऊ से इंद्री कांक्रीट सड़क निर्माण कब होगा पूरा**

# दो साल बाद भी अधूरी पड़ी सड़क

*** पटरी और नाली के अभाव में ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ीं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला मुख्यालय से लगभग 22 किलोमीटर दूर ग्राम जहरमऊ से ग्राम इंद्री तक दो लेन की सीसी सड़क तो बनकर तैयार हो गई है, लेकिन इसका अधूरा निर्माण अब ग्रामीणों के लिए सिरदर्द बन गया है। सड़क निर्माण को पूरे दो वर्ष बीत चुके हैं, बावजूद इसके न तो पटरी बनाई गई है और न ही जल निकासी के लिए नाली का निर्माण किया गया है। प्रशासनिक लापरवाही और ठेकेदार की उदासीनता के कारण इस सड़क का अधूरा काम ग्रामीणों की परेशानी का कारण बना हुआ है।

ग्रामीणों का कहना है कि पटरी न होने से आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। नई सड़क के बनने के बाद वाहन अब तेज रफ्तार में गुजरते हैं, लेकिन किनारे पर पटरी न होने के कारण पैदल चलने वाले लोग सीधे सड़क पर ही चलने को मजबूर हैं। कई बार ग्रामीण और स्कूली बच्चे साइकिल से फिसलकर घायल हो चुके हैं, परंतु प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

सड़क के ऊंचे स्तर पर बनने से भी स्थानीय रहवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में सड़क का पानी सीधे निचले इलाकों में बसे घरों में भर जाता है। घरों में पानी घुसने से कई बार ग्रामीणों को फर्नीचर और अनाज तक का नुकसान उठाना पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के साथ ही ठेकेदार को पटरी और नाली दोनों बनाने का कार्य दिया गया था, लेकिन मुख्य सड़क का निर्माण पूरा होते ही ठेकेदार ने शेष कार्य अधूरा छोड़ दिया।

ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से ठेकेदार ने मनमर्जी से काम अधूरा छोड़ दिया और विभाग अब आंख मूंदे बैठा है। किसी भी स्तर पर गुणवत्ता जांच या जिम्मेदारी तय करने की कोशिश नहीं की गई है। स्थिति यह है कि सड़क किनारे पानी भरने और मिट्टी कटने से सड़क की सतह भी धीरे-धीरे कमजोर होने लगी है।

गौरतलब है कि यह मार्ग जिला मुख्यालय को सीधे कान्हा राष्ट्रीय उद्यान से जोड़ता है। यह वही मार्ग है जिससे होकर पर्यटक कान्हा, बालाघाट और दुर्ग (छत्तीसगढ़) तक जाते हैं। ऐसे में यह सड़क न केवल ग्रामीणों बल्कि पर्यटकों के लिए भी महत्वपूर्ण है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पटरी और नाली का निर्माण नहीं हुआ तो सड़क जल्द ही क्षतिग्रस्त होने लगेगी और दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ जाएगा।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जनसुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अधूरे कार्य को तत्काल पूरा कराया जाए। उनका कहना है कि शासन की करोड़ों की लागत से बनी सड़क तभी उपयोगी सिद्ध होगी जब इसके साथ आवश्यक ढांचागत सुविधाएं भी विकसित की जाएं।

## कलश यात्रा के साथ 108 रामचरितमानस पाठ और अखंड रामायण का शुभारंभ



*** देवरी कला बबलिया में भक्ति का सैलाब, तीन माह तक चलेगा अखंड रामायण पाठ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

स्थानीय देवरी कला बबलिया में धर्म और आस्था के माहौल के बीच हनुमान मंदिर बस स्टैंड बबलिया में 108 रामचरितमानस पाठ और अखंड रामायण पाठ के शुभारंभ किया गया। इसके पहले कलश यात्रा निकाली गई। यह धार्मिक आयोजन ग्राम के वरिष्ठ विष्णु प्रसाद सोनी की पहल पर किया जा रहा है। कार्यक्रम के संरक्षण के रूप में पंडित शास्त्री गोवर्धन लाल पांडे उपस्थित रहे। इस अनुष्ठान के तहत लगातार 108 रामचरितमानस पाठ किए जाएंगे, जिसके बाद करीब 4 महीने तक अखंड रामायण पाठ का श्रवण किया जाएगा।

बताया गया कि कलश यात्रा हनुमान मंदिर से शुरू की गई। सबसे पहले हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की गई। इसके बाद कलश यात्रा भोले शंकर शिव मंदिर पहुँची, जहाँ पूजा अर्चना किया गया। यात्रा का समापन खेर माता मंदिर पर हुआ, जहाँ पंडित शास्त्री गोवर्धन लाल पांडे द्वारा वेद मंत्रों के साथ विधिवत पूजा अर्चना कराया गया। इस दौरान कलश यात्रा में बैंड बाजा और शहनाई की धुन पर धर्म प्रेमी भक्तों ने नृत्य किया। कलश यात्रा के हनुमान मंदिर में समापन के बाद विधिवत रूप से अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया।

इस धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें नारायणगंज जनपद अध्यक्ष आसाराम भारतीया, प्रेमा बाबा, सरपंच रूप सिंह, सरपंच कमल सिंह मरावी, जनपद सदस्य सुंदरलाल उरेती, उप सरपंच संजय सोनी, पंच रेवा सिंह, देव चरण, मनीष नामदेव, बाबूलाल यादव, विनोद यादव, दिनेश यादव, जेएस कुराम एवं समस्त क्षेत्र के धर्म प्रेमी माताएं, बहनें शामिल हुई।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा घुघरी में निकाला गया पथ संचलन



**घुघरी।** रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर.एस.एस.) के तत्वावधान में घुघरी नगर में भव्य पद संचलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने अनुशासित पंक्तियों में कदमताल करते हुए नगर भ्रमण किया। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रभक्ति, सामाजिक एकता और संगठन के प्रति समर्पण की भावना को सशक्त करना रहा। प्रातः काल स्वयंसेवक निर्धारित गणवेश-खाकी पैंट, सफेद शर्ट और टोपी में नगर के मध्य स्थितग्राम पंचायत प्रांगण में एकत्रित हुए। ध्वज वंदन और प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला स्तर से आए वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने स्वयंसेवकों को संघ के उद्देश्य, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाई। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवक ₹भारत माता की जय₹, ₹वंदे मातरम्₹, और ₹राष्ट्र की जय₹ के नारों से नगर की गलियों को गूंजायमान कर रहे थे। संचलन का मार्ग बस स्टैंड, मुख्य बाजार, तहसील कार्यालय, पुलिस थाना मार्ग और ग्राम पंचायत परिसर से होकर गुजरा। स्थानीय नागरिकों ने भी जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। नगरवासियों ने संघ के अनुशासन और एकजुटता की भावना की सराहना की। अनेक समाजसेवी, व्यापारी वर्ग, और युवा संगठन इस अवसर पर उपस्थित रहे। संचलन के अंत में संघ गीत और प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में जिला प्रचारक ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ केवल एक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की जीवनशैली है। संघ समाज में समरसता, सेवा और संस्कार के माध्यम से भारत को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे संघ की गतिविधियों से जुड़कर राष्ट्रहित में योगदान दें।

## बस स्टैंड पर लगे वाटर कूलर लंबे समय से है खराब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नारायणगंज में एक प्रमुख स्थान बस स्टैंड पर लगे वाटर कूलर लंबे समय से खराब पड़ा हैं। राहगीर, दुकानदार और यात्री प्यास बुझाने के लिए जब यहां पहुंचते हैं तो सूखी टोटी देख मायूस होकर लौट जाते हैं। बाजार, टैक्सी आटो बस स्टैंड होने से यहां रोजाना भारी भीड़ रहती है। लोगों के लिए लगा वाटर कूलर ही प्यास बुझाने का सहारा था, लेकिन वह भी कई दिनों से खराब पड़ा है। इसी तरह बाजार में लगा वाटर कूलर भी बंद है।,शिकायत की गई, लेकिन अब तक मरम्मत नहीं कराई गई।

बस स्टैंड में रोजाना हजारों की संख्या में व्यापारी और ग्राहक पहुंचते हैं। उन्हें पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। दुकानदारों ने जल्द से जल्द वाटर कूलर ठीक कराए जाने की मांग की है बता दें यह वाटर कूलर सरपंच पंडरिया और उपाध्यक्ष जनपद द्वारा लगवाया गया था जो कि आज तक साफ नहीं करवाया गया ना ही मरम्मत कार्य किया गया।

### काम्प्लेक्स की टंकी में लग गई काई, नहीं होती देख रेख

काम्प्लेक्स में रखी टंकी में काई जम चुकी है जो जिसका पानी पीने योग्य भी नहीं बचा परंतु जनपद पंचायत द्वारा इसकी साफ सफाई समय-समय पर नहीं कराई जाती जिसके कारण लोगों का गंदा पानी पीने से बीमार पड़ने का डर भी बना हुआ है एवं इस वाटर कूलर में आरो फिल्टर भी नहीं लगाया गया है जिसके कारण दूषित पानी लोगों को मिल रहा है एवं वाटर कूलर की टोटियां भी टूट चुकी है परंतु जनपद और ग्राम पंचायत दोनों ही इसकी सुध नहीं ले रही है।

## अशोक मर्सकोले एवं ध्रुव सिंह मरावी का ब्लॉक कांग्रेस ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



दिनांक 12/10/25 दिन रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया द्वारा ' वोट चोर गद्दी छोड़ ' के राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान के विस्तृत प्रचार प्रसार हेतु एवं संगठन सृजन अभियान की विधानसभा स्तरीय बैठक पर नव नियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी मंडला के अध्यक्ष डाक्टर अशोक मर्सकोले का प्रथम नगर आगमन हुआ। जिला अध्यक्ष डाक्टर मर्सकोले का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया कार्यालय गांधी गेट के बाजू में जोरदार आतिशबाजी, ढोल नगाड़े कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा फूल माला पहनाकर हर्षोल्लास के साथ भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ पदयात्रा करते हुए सामुदायिक भवन मुख्य बाजार स्थल पर पहुंचे एवं बैठक में शामिल हुए। वोट चोर गद्दी छोड़' एवं संगठन सृजन अभियान के संबंध में आहूत की गई इस बैठक में इस कार्यक्रम के प्रभारी ध्रुव सिंह मरावी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में विधानसभा के सभी ब्लॉक अध्यक्षों ने अपनी अपनी बात रखी इस कार्यक्रम में जोश सिंह ठाकुर शिवानन्द गोस्वामी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिछिया प्रदीप गोस्वामी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मवई रानू हरदहा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष घूघरी अरविंद कुशराम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अंजनिया राम भजन पटेल अशोक मर्सकोले टेकराम राय झुन्ना ठाकुर अरूण पांडे रानू राजपूत जनपद पंचायत बिछिया अध्यक्ष शकुना उईके रागिनी परते मेवा धुर्वे सरिता उईके विकास ग्वले नारायणी साहू टोनी मिश्रा अमन राजपूत अक्षत झारिया निखिल राजपूत चमन यादव समस्त मंडलम अध्यक्ष समस्त सेक्टर अध्यक्ष समस्त बूथ अध्यक्ष समस्त मोर्चा संगठन के पदाधिकारियों की एवं कार्यकर्ताओं की गरिमामई उपस्थिति रही।

## जैविक खेती से बढ़ा मुनाफा, दीपावली पर बिलगांव की मूली मचाएगी धमाल

**मण्डला।** जैविक खेती और वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग कर मवई के ग्राम बिलगांव की महिला किसान सुनीता अयाम ने मूली की शानदार फसल तैयार की है, जो इस दीपावली के अवसर पर बाजार में धूम मचाने के लिए तैयार है। महिला किसान का कहना है कि जैविक खाद के इस्तेमाल से न केवल उनकी फसल की गुणवत्ता बेहतर हुई है, बल्कि उन्हें बाजार में इसकी अच्छी कीमत मिलने की भी उम्मीद है। सुनीता अयाम ने बताया कि उनकी यह फसल पूरी तरह से जैविक है। उन्होंने उद्योगिनी संस्था की सहायता से प्राप्त वर्मी बेड से खुद केंचुआ खाद तैयार की है। इस खाद को ड्रमों और बोरियों में सुरक्षित रखा गया है और नियमित रूप से फसल पर इसका छिड़काव किया जाता है। जैविक खाद के उपयोग से उनकी मूली की फसल अधिक हरी-भरी और गुणवत्तापूर्ण हुई है। उन्होंने बताया कि इस समय बाजार में मूली की मांग अधिक रहती है और अगेती फसल होने के कारण उन्हें उचित दाम प्राप्त होंगे। उनका मानना है कि वर्तमान समय में उपभोक्ता स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं, जिसके कारण जैविक सब्जियों की मांग लगातार बढ़ रही है। इसी मांग का फायदा उठाते हुए वे अपनी फसल को अच्छे दामों पर बेच पाएंगी। महिला किसान सुनीता अयाम और उनके पति ने इस सफलता के लिए उद्योगिनी संस्था का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि संस्था के संदीप श्रीवास समय-समय पर गांव में आकर तकनीकी सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करते है, जिससे किसानों को जैविक खेती अपनाने में बहुत मदद मिल रही है।

**शिविर** | **परिवार एजुकेशन सोसाइटी और सदगुरु नेत्रालय के सहयोग से आयोजित हुआ शिविर।**

# 118 मरीजों की जांच, 13 मोतियाबिंद के मरीज हुए चिन्हित

*** निःशुल्क नेत्र शिविर का लोगों ने उठाया लाभ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

विकासखंड नारायणगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर सीबीएमओ डॉ. अमृत कोल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। सीएचसी नारायणगंज में आयोजित शिविर में 118 मरीजों का पंजीयन किया गया। निःशुल्क नेत्र शिविर परिवार एजुकेशन सोसाइटी और सदगुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के सहयोग से आयोजित किया गया। नेत्र शिविर में 118 मरीजों में से 13 मरीज मोतियाबिंद के चिन्हित किये गए। चिन्हित मोतियाबिंद के मरीजों का सदगुरु नेत्र चिकित्सालय में निःशुल्क सर्जरी की जाएगी।



जानकारी अनुसार निःशुल्क नेत्र शिविर में सर्जरी के चिन्हित मरीजो के अलावा अन्य मरीजों का जांच परीक्षण किया गया। जांच में 23 मरीजों को चश्में और 23 मरीजों को दवाईयां निःशुल्क दी गई। वहीं 59 मरीज सामान्य रोग के आए। आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर में सीएचसी नारायणगंज में सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय के नेत्र चिकित्सक डॉ. रवि तिवारी ने अपनी सेवाए दी। इसके साथ ही जिन मरीजों का ऑपरेशन पहले चित्रकूट में हुआ था, उनका फालोअप लिया गया। आंखो की जांच के बाद उन सभी मरीजों को भी आवश्यकता अनुसार चश्मा दिया गया। निःशुल्क नेत्र शिविर में परिवार एजुकेशन सोसाईटी के सभी कर्मचारियों ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में मरीजों के आंखों में मोतियाबिंद, काला मोतिया, रेटिना की जांच, चश्में की जांच और आंखों से संबंधित अन्य समस्याओं का जांच परीक्षण किया गया।

सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय के डॉ. रवि तिवारी और नेत्र चिकित्सा सहायक जयकरण चौधरी ने बताया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों की आंखो में विभिन्न प्रकार की समस्या रहती है। आंखो से पानी आना, आंखो में कीचड़ बनना, मोतियाबिंद की समस्या, आंख में लालपन होने जैसी समस्या से ग्रसित होते है। ऐसी समस्या से पीड़ित व्यक्तियों का सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय में निःशुल्क उपचार और जांच की जाती है। जहां मरीजों को रहना, खाना सब निःशुल्क रहता है। इसके साथ ही उपचार के बाद मरीज को वापस जाने की सुविधा प्रदान की जाती है। आयोजित शिविर में परिवार एजुकेशन सोसाईटी के श्रीराम यादव, अमित सिंगरौरे, नितिश कुमार सिंगरौरे, हिमांशु का सहयोग रहा।

### परिवार एजुकेशन सोसाईटी का रहता है सहयोग

परिवार एजुकेशन सोसाईटी समाज सेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। जिससे जरूरतमंदों को लाभ मिल रहा है। परिवार एजुकेशन सोसाइटी द्वारा मंडला जिले के पांच ब्लाक नारायणगंज, निवास, मोहगांव, बिछिया और मवई की सीएचसी में परिवार श्री रामकृष्ण श्री विवेकानंद सेवा कुटीर एम्बुलेंस सुविधा दी जा रही है। यह 24 घंटे निःशुल्क सेवाएं देती है। वहीं मंडला जिले के नारायणगंज सीएचसी में आयोजित होने वाले निःशुल्क नेत्र शिविर में भी परिवार एजुकेशन सोसाईटी का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों के निःशुल्क उपचार में परिवार एजुकेशन सोसाईटी द्वारा संबंधित अस्पताल को मरीजों के लेंस लगाना की राशि भी दी जाती है। इसके साथ ही ऑपरेशन के बाद मरीजों को वापस लाने की जिम्मेदारी भी उठाई जाती है।

## झोला छाप डॉक्टरों की नहीं हो रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत गांव गांव में झूला छाप डॉक्टर इलाज कर रहे हैं जिससे लोगों के स्वास्थ्य में गहरा प्रभाव पड़ता है झूला छाप डॉक्टर जब लोगों का इलाज करते हैं और कैसे बिगड़ जाने पर उन्हें रेफर कर दिया जाता है उनसे अनाप-शनाप रुपए वसूल किए जाते हैं और जब उनके पास पैसे खत्म हो जाते हैं तो उन्हें अन्य जगहों पर डॉक्टर से इलाज करने के लिए कहा जाता है समय-समय पर कई बार समाचार पत्रों के माध्यम से अवगत कराया गया कि नारायणगंज के आसपास जगह में झोलाछाप पैथोलॉजी डॉक्टर कई समय से जमे हुए हैं और इलाज कर रहे हैं परंतु उन पर कर कार्रवाई नहीं की जा रही है अन्य ब्लॉक में मैं झोलाछाप डॉक्टरों की क्लीनिक सील कर दी गई है परंतु नारायणगंज एक ऐसा जनपद क्षेत्र है जहां पर दिनों दिन डॉक्टरों की संख्या बढ़ती जा रही है पहले 10 से 20 थे अब 50 की संख्या में लोग गांव-गांव में रहकर लोगों का इलाज कर रहे हैं लोगों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं और गलत इलाज की करने की वजह से कई लोगों की रोग जो है रोगी बढ़ रहे हैं एवं उनका इलाज करने के लिए जिला एवं संभाग स्तर के डॉक्टर पर पैसा इसका पैसा लगाकर इलाज करवा रहे अतः जिला कलेक्टर महोदय से निवेदन है कि नारायणगंज में झोलाछाप डॉक्टरों की लगातार बढ़ रही संख्या पर रोक लगाई जाए एवं उनके क्लीनिक सील किए जाएं।

## भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता एवं सम्मेलन का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प यह एक नारा नहीं बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नींव है यह हमारे भारतीय जनता पार्टी कि केंद्र सरकार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्य प्रदेश की सरकार के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आवाहन है कि हम अपने देश में बने उत्पादों को अपनाए, अपनी संस्कृति को गले लगाए, और अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करें। हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी हमारा मंत्र है, हमारा लक्ष्य है, और हमारी शक्ति है। हमारे देश के कारीगरों, हमारे किसानों, हमारे छोटे व्यापारियों, और हमारे उद्यमियों के प्रति एक सम्मान है। जब हम स्वदेशी अपनाते हैं तो हम अपने देश की मिट्टी से जुड़ते हैं अपने लोगों की मेहनत को सम्मान देते हैं और अपने देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हैं। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री जय सिंह नगर की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने 12 अक्टूबर को भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही इस अवसर पर उनके साथ भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह उपस्थित रहे।

**स्वदेशी हमारी आत्मा का हिस्सा**

भाजपा प्रदेश मंत्री जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक क्षेत्र में ही नहीं है यह हमारी संस्कृति और आत्मा का हिस्सा है हम विदेशी वस्तुओं के पीछे भागने के बजाय अब अपनी जड़ों को पहचान रहे हैं दुनिया में योग, आयुर्वेद, हस्तशिल्प, परंपरागत उद्योग, यह सब आज वैश्विक पहचान बन चुका है। देश से स्थापित कुछ संस्थाओं ने स्वदेशी को बढ़ावा देने में निरंतर अपना योगदान दिया स्वतंत्रता के बाद भारत ने पश्चिमी विकास मॉडल और आयात पर निर्भर मिश्रित अर्थव्यवस्था अपनाई जिससे स्थानीय उद्योग कमजोर हुए और विदेशी निर्भरता बढ़ी तभी वर्ष 1964 में दंत्तोपंत ठेंगड़ी ने स्वदेशी चेतन को पुनर्जीवित किया उन्होंने सिखाया आर्थिक आत्मनिर्भरता की सुरक्षा है भारतीय उद्योग और श्रमिक हमारी ताकत हैं और अंध परिश्रमीकरण से हमें सावधान रहना है उन्होंने स्वदेशी प्रौद्योगिकी कृषि और लघु उद्योगों को बढ़ावा देकर यह दिखाया कि हमारा विकास हमारे हाथ में है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि आर्थिक व्यवस्था स्वदेशी पर आधारित होनी चाहिए जब तक यह स्वदेशी नहीं होगी ना तो हमारी स्वतंत्रता की रक्षा कर सकती है और ना ही न्याय की गारंटी दे सकती है आज भाजपा सरकार इसी मंत्र पर चलते हुए स्वदेशी को बढ़ावा दे रही है मेक इन इंडिया से लेकर स्टार्टअप इंडिया वोकल फार लोकल से लेकर आत्मनिर्भर भारत तक का हर पहल लक्ष्य यही है कि हम विदेशी निर्भरता कम करें और स्वदेशी उत्पादन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं।

**स्वदेशी संकल्प पर सम्मेलन का हुआ आयोजन**

प्रेस वार्ता के उपरांत भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के मार्गदर्शन में अनूपपुर विधानसभा का आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प सम्मेलन का आयोजन मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश मंत्री जयसिंह नगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रामदासपुरी जिला महामंत्री सिद्धार्थ शिव सिंह श्याम नारायण शुक्ला की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता श्रीमती मनीषा सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को केंद्र की मोदी सरकार एवं मध्य प्रदेश की डॉ. मोहन सरकार के द्वारा आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प की दिशा में किया जा रहे कार्यों के बारे में अवगत कराया और सभी से अपील किया कि सभी लोग स्वदेशी अपनाएं और भारत को स्वावलंबी बनाएं।

## जिले में 9 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 9 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर में 6.1 मिलीमीटर, कोतमा में 11 मिलीमीटर, 7.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

# जीआरटीसी प्लांट में अवैध उत्खनन का मामला ठंडे बस्ते में

डिंडोरी।

जिले की बजाग तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत सुनपुरी के ग्राम शिवरी स्थित जीआरटीसी प्लांट में कथित अवैध उत्खनन का मामला प्रशासनिक सुस्ती की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। पूर्व कलेक्टर नेहा मारव्या द्वारा दिए गए निर्देशों के बावजूद अभी तक कोई ठोस कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई है। वहीं, उनके डिंडोरी से स्थानांतरण के बाद इस प्रकरण पर मौजूदा प्रशासन द्वारा भी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।






### तीन दिन में रिपोर्ट मांगी थी, कार्रवाई अधूरी रह गई

जानकारी के अनुसार, डिंडोरी-अमरकंटक हाईवे पर स्थित गौर रोड तारकोल लिमिटेड के प्लांट में खनन अनुज्ञा समाप्त होने के बावजूद विस्फोटकों का उपयोग कर बड़े पैमाने पर खनन कार्य जारी था। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, क्रेशर प्लांट, भारी डंपर और पोकलेन मशीनें मौके पर सक्रिय पाई गई थीं। इतना ही नहीं, सूचना पट्ट में संशोधन कर भ्रम फैलाने का प्रयास भी किया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्कालीन कलेक्टर ने संबंधित विभागों को तलब कर तीन दिवस में कार्रवाई की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। लेकिन रिपोर्ट जमा होने से पूर्व ही कलेक्टर का जिले से स्थानांतरण हो गया, और उसके बाद से इस मामले में कोई प्रगति सामने नहीं आई।सूत्रों की मानें तो अब तक वर्तमान कलेक्टर डॉ. अंजू पवन भदौरिया के समक्ष इस संबंध में कोई प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। विभागीय अधिकारियों द्वारा केवल यह कहा जा रहा है कि मामला नई कलेक्टर के समक्ष रखा जाएगा, लेकिन इसकी कोई समयसीमा तय नहीं की गई है।इस संबंध में युवा विधि विशेषज्ञ सम्यक जैनका कहना है कि यदि खनन अनुज्ञा समाप्त होने के बाद भी कार्य जारी रहा है, तो यह मप्र खनिज नियम 1996के नियम 52, 53 तथा खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 4(1A) और 21 का स्पष्ट उल्लंघन है। इसके लिए दो वर्ष तक की सजा और पाँच लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे मामलों में खनिज निरीक्षक, खनिज अधिकारी और राजस्व विभाग की निगरानी जिम्मेदारी तय होती है। यदि लापरवाही या मिलीभगत सामने आती है तो विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई भी संभव है।

### स्थानीय लोगों में नाराजगी

स्थानीय निवासियों का कहना है कि जब अवैध गतिविधियों की जानकारी पूर्व में उच्च अधिकारियों तक पहुँच चुकी है, तो अब तक कार्यवाही में देरी क्यों हो रही है? कुछ लोगों ने मामले को जानबूझकर दबाने का आरोप भी लगाया है। ग्रामीणों की मांग है कि उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। डिंडोरी जिले में अवैध खनन का यह मामला प्रशासनिक जवाबदेही और पारदर्शिता की परीक्षा बनकर सामने आया है। अब सभी की निगाहें नई कलेक्टर पर टिकी हैं कि क्या वे इस प्रकरण में निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करेंगी या मामला यूं ही फाइलों में दबा रह जाएगा।

**इनका कहना है:**

पूर्व में प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित अधिकारी को जॉच के निर्देश दिए थे उक्त सम्बन्ध में अगर उत्खनन जारी है तो मै दिखवा ले रहा हूं।

**-राम बाबू देवांगन**
अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व)

# कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने किया राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



### 3828 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा, 11 परीक्षा केंद्रों में हुआ आयोजन

डिंडौरी

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट परीक्षा 2025-26 का आयोजन विकासखंड, तहसील एवं जिला मुख्यालय स्तर पर किया गया। इस परीक्षा में जिले के शासकीय एवं शासकीय अनुदान प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों को सम्मिलित होने का अवसर मिला जिले में कुल 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए, जिनमें लगभग 4176 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया, जबकि 3828 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए तथा 348 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के सफल संचालन हेतु सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रशासनिक एवं शैक्षणिक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं।



कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने परीक्षा के दौरान उत्कृष्ट विद्यालय डिंडौरी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रयपुरा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा कक्षों में जाकर विद्यार्थियों की बैठने की व्यवस्था, प्रकाश, पेयजल तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही विद्यालय प्रभारी एवं स्टाफ को निर्देश दिए कि परीक्षा पूर्ण अनुशासन और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई जाए। उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं में उत्तीर्ण रहने पर कक्षा 12वीं तक प्रति माह एक हजार रुपये की छात्रवृत्ति शासन द्वारा प्रदान की जाएगी।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रयपुरा के नव निर्मित भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास, लैब, प्रयोगशाला, मीटिंग हॉल एवं कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर का अवलोकन कर विद्यालय प्राचार्य को परिसर की साफ-सफाई, फर्नीचर एवं विद्युत कनेक्शन सुचारू रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुनः निरीक्षण किया जाएगा तथा लापरवाही पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

# लाडली बहना योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री द्वारा राशि अंतरण कार्यक्रम आयोजित



डिंडौरी

मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत प्रदेशभर की बहनों को राशि अंतरण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर के मार्गदर्शन में सूचना प्रसारण केन्द्र डिंडौरी में लाइव प्रसारण देखा गया। जिसमें जिले की कुल 1,31,226 लाडली बहनों के खातों में लगभग 19 करोड़ 57 लाख रूपए की राशि का अंतरण किया गया। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण श्योपुर जिले से किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बहनों से संवाद कर योजना के महत्व पर प्रकाश डाला जिले के सभी ग्राम पंचायतों, आंगनवाड़ी केंद्रों, जनपद कार्यालयों तथा विकासखंड मुख्यालयों पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें, जनप्रतिनिधियों, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों सहित ग्रामीण जनों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने भी मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि लाड़ली बहना योजना से उन्हें आत्मनिर्भरता और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में नई ऊर्जा प्राप्त हुई है। लाइव प्रसारण कार्यक्रम में स्वयं कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस, उपाध्यक्ष श्रीमती सारिका नायक, पार्षद श्रीमती रूपाली जैन, महिला बाल विकास अधिकारी श्याम सिंगौर, जनसंपर्क अधिकारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं भारी संख्या में लाड़ली बहनें उपस्थित रहे।

# रामनगर और आसपास के ग्रामों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी गई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी

डिंडौरी

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से ग्राम पंचायत रामनगर के अंतर्गत कृषि उपज मंडी गोरखपुर, धावाडोगारी और गाड़ासरई में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों को योजना की विस्तृत जानकारी दी गई।

इस जनजागरूकता कार्यक्रम में कृषि विभाग की सहायक संचालक (SADO) श्रीमती शशि लता मरकाम, कृषि विस्तार अधिकारी हर्षवर्धन चौधरी, फसल बीमा योजना के जिला प्रतिनिधि शश एवं तहसील प्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि रबी सीजन वर्ष 2025 के लिए किसानों को फसल बीमा कराने हेतु 1 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक का समय निर्धारित किया गया है। इस बीमा में किसान को बीमित राशि का केवल 1.5 प्रतिशत प्रीमियम देना होगा।



### किन जोखिमों पर मिलेगा बीमा का लाभ

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने योजना से जुड़ी विस्तृत जोखिमों की जानकारी देते हुए बताया कि फसल की बुवाई से लेकर कटाई तक के विभिन्न चरणों में यदि किसी प्रकार की प्राकृतिक आपदा, स्थानीय आपदा, ओलावृष्टि, भूस्खलन या अत्यधिक वर्षा जैसी परिस्थितियों से फसल को नुकसान होता है, तो कृषक को बीमा क्लेम का लाभ मिलेगा।फसल बोवनी से अंकुरण तक के 30 दिन,फसल कटाई के बाद 14 से 15 दिनों के भीतर होने वाला नुकसान,औसत उपज के मूल्यांकन के आधार पर यदि नुकसान होता है, तो उसका मुआवजा पटवारी हल्का स्तर की गणना के अनुसार दिया जाएगा।

### शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया

यदि कृषक को स्थानीय आपदा के कारण फसल हानि होती है, तो वे 72 घंटे के भीतर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत दर्ज कराने के लिए टोल फ्री नंबर 14447 पर कॉल कर सकते हैं या क्रॉप इंश्योरेंस पोर्टल, कृषि विभाग अथवा बीमा प्रतिनिधि से संपर्क किया जा सकता है।अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि वे निर्धारित अवधि में अपनी फसल का बीमा अवश्य कराएं, ताकि आपदा की स्थिति में उन्हें आर्थिक सुरक्षा मिल सके।

# मनमाने तरीके से किराया वसूल रहे ऑटो रिक्शा चालक

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** शासन द्वारा पूरे प्रदेश में यातायात नियमों का सख्ती से पालन के निर्देश दिए थे। यही नहीं, सड़क सुरक्षा और यातायात से सम्बन्धित जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया था। लोगों से अपील की जा रही थी कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें अपना और सड़क पर चलने वाले लोगों का ख्याल रखें, लेकिन कुछ ऐसे भी लोग हैं जो नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। नगर में बेलगाम ऑटो रिक्शा सुरक्षित और सुचारू यातायात व्यवस्था की सबसे बड़ी बाधा है। छोटे और सस्ते सार्वजनिक परिवहन के साधन के रूप में यह जरूरी है, लेकिन इनके संचालन का कोई मॉडल नहीं है, जिसके कारण आए दिन हादसे भी होते हैं और यातायात व्यवस्था भी गड़बड़ाई रहती है। हालांकि कुछ समय पहले जिला मुख्यालय मे आटो संघ की बैठक मे स्थानीय प्रशासन द्वारा आटो किराये का निर्धारण किया था, बावजूद इसके निर्धारित किराये से अधिक ऑटो वाले यात्रियों से वसूली कर रहे हैं।

### ट्रैफिक मानकों का नहीं पालन

महिलाओं से बदतमीजी के साथ.साथ ऑटो चालक ट्रैफिक नियम कानूनों की भी जमकर धज्जियां उड़ा रहे हैं। मनमाने ढंग से ऑटो की पार्किंग, सड़क पर लोगों के लिए दुर्घटना का कारण बन रही है। दौड़ रही 99 फीसदी ऑटो रिक्शा में न तो मोबाइल नंबर लिखे गए हैं, न किराया सूची और न ही कई के चालकों ने अब तक अपना कमर्शियल लाइसेंस बनवाया है। इसके बावजूद इन पर कार्रवाई करने ट्रैफिक पुलिस और आरटीओ कोताही बरत रहे है। नगर के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड या फिर शहर के बीच चौक-चौराहे हो, सभी जगह लोग बेलगाम ऑटो चालकों की मनमानी से परेशान हैं। नगर सहित क्षेत्र में करीब सैकड़ों से अधिक ऑटो सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इनमें से अधिकांश के पास ट्रैफिक मानकों का पालन नहीं कर रहे है।

### ताक पर ऑटो रिक्शा नियम

नगर के बस स्टैंड शहर के मेन बाजार से गुजरने वाली मुख्य सड़क तथा आसपास के अन्य क्षेत्रों में सवारियों को ढोने वाले ऑटो रिक्शा नियमों को ताक पर रखकर लोगों के लिए असुविधा का कारण बन रहे हैं। गौरतलब है कि क्षेत्र में काफी संख्या में ऑटो रिक्शा है जो की प्रतिदिन लोगों को इधर से उधर लाने वा ले जाने का काम करते हैं। उक्त ऑटो रिक्शा ट्रैफिक नियमों को ताक पर रखकर लोगों की जान की परवाह किए बगैर सड़कों पर मौत बन घूम रहे हैं। एक दूसरे से पहले व ज्यादा सवारी बैठाने की होड़ में ऑटो चालकों का लड़ना झगड़ना आम बात है। क्षमता से अधिक सवारिया बैठाकर ये कानून के साथ-साथ सवारियों के जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

ग्रामीण मार्ग पर चलने वाले वाले ऑटो, मैजिक में 10 से 20 सवारी ढोई जा रही हैं, वहीं मैक्स वाहनों में अंदर और छतों पर बैठाकर वाहन चालक सवारियों को ढो रहे हैं। चालकों को न तो अपनी जान की कोई परवाह है और न ही सवारियों की।

# जिला एवं बजाग मुख्यालय में आर एस एस का पद संचलन



**डिंडोरी ।** डिंडोरी मुख्यालय एवं थाना एवं तहसील मुख्यालय बजाग में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में स्वयंसेवकों के द्वारा पूर्ण गणवेश में पद संचलन किया गया। जिले में 500 से अधिक लोगों ने तथा बजाग मुख्यालय पर एक सैकड़ा लोगों की मौजूदगी में पद संचलन हुआ। राष्ट्र रक्षा के लिए संकल्पित संघ के लक्ष्य व उद्देश्य को लेकर भी चर्चा हुई।

# सड़क निर्माण एजेंसियों के साथ संयुक्त बैठक संपन्न

### चिन्हित ब्लैक स्पॉट के सुधार और निर्माण कार्यों की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

सडक दुर्घटनाओं के रोकथाम तथा सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा दिए गए निर्देश के परिपेक्ष्य में थाना यातायात अनूपपुर में शनिवार को सभी सड़क निर्माण एजेंसी के साथ संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में आरटीओ अनूपपुर सुरेंद्र गौतम, यातायात प्रभारी विनोद दुबे सहित सड़क निर्माण विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत चिन्हित ब्लैक स्पॉट में सुधार कार्य की समीक्षा की गई। सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और भविष्य में दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए बैठक में चिन्हित ब्लैक स्पॉट के सुधार संबंधी वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन द्वारा बताया गया कि चिन्हित 30 स्थलों में से तीन स्थलों पर कार्य प्रगति पर है। नगर पालिका अनूपपुर द्वारा बताया गया कि चार चिन्हित कार्यों में से तीन कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं एक शेष है जो जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा बताया गया कि चिन्हित दो स्थलों पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिसे शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। नेशनल हाईवे के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि चिन्हित 20 स्पॉटों में से 8 स्पॉटों पर कार्य प्रगति पर है। जिला परिवहन अधिकारी ने सभी सड़क निर्माण विभागों को सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने और कार्य की नियमित प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराने की बात कही है।

# सीनियर पुरुष फुटबॉल टीम का प्रथम चरण का किया गया चयन ट्रायल

**शहडोल।** सहायक संचालक खेल रईस अहमद ने बताया कि जिला फुटबाल संघ शहडोल के तत्वाधान में जिले की सीनियर पुरुष फुटबॉल टीम का प्रथम चरण चयन ट्रायल विचारपुर (मिनी ब्राज़ील) बिरसा मुंडा फुटबॉल मैदान में किया गया। जिसमें जिले से 45 खिलाडियों ने सहभागिता निभाई। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण की चयन ट्रायल फुटबॉल प्रतियोगिता 15 अक्टूबर 2025 को समय 11 से विचारपुर फुटबॉल मैदान में आयोजित की जाएगी। फाइनल चयन ट्रायल में चयनित खिलाड़ी, जिले की टीम से 23 अक्टूबर 2025 से अनूपपुर जिले में आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मध्यप्रदेश के जिलों को 4 जोन में बांटा गया है, शहडोल जोन में सिंगरौली, सतना, दमोह, जबलपुर, रीवा ,सागर, अनूपपुर, को रखा गया है ,इसमें से विजेता,उप विजेता टीम फाइनल राउंड में खेलेगी, 4 जून से कुल 8 टीम फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल राउंड के लिए खेलेंगी।



**खबर संक्षेप**

### पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने ली पदाधिकारियों की बैठक



**नरसिंहपुर।** पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव का जिला कांग्रेस कार्यालय नरसिंहपुर में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल, वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। श्री यादव ने संगठन संबंधित चर्चा की। कांग्रेसजनों से व्यक्तिगत रूप से भी चर्चा की। श्री यादव ने कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार की नीतियों के कारण हर वर्ग परेशान है। महंगाई और बढ़ती बेरोजगारी लोगों का जीवन दूभर किए हुए है। श्री यादव ने मतदाता सूची संशोधन कार्य में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से सजग रहने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा वोट चोरी कर चुनाव जीतती है। उक्त मौके पर विधायक ठाकुर रजनीश सिंह, पूर्व विधायक सुनील जायसवाल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित मैथिलीशरण तिवारी, वरिष्ठ नेता लाखन सिंह पटेल, अर्चना राय, मीना शाह के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे।

### वृद्ध ने खाया जहर

**नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र मुंगवानी निवासी वृद्ध द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। पुलिस ने बताया कि दौलत पिता बड्डू ठाकुर उम्र 70 वर्ष निवासी गोगावरी थाना मुंगवानी ने अपने घर पर जहरीली दवा का सेवन कर लिया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### डॉक्टर की लापरवाही से शिशु की मौत, पुलिस अधीक्षक से शिकायत

**नरसिंहपुर।** विगत दिवस थाना क्षेत्र गोटेगांव के ग्राम लाठगांव निवासी अंकित नामदेव द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई। शिकायत में बताया गया कि प्रसव हेतु पत्नी को भर्ती कराया गया था। लेकिन डॉ साधना पटेल ऑपरेशन मे लापरवाही बरती गई जिस कारण से शिशु की मौत हो गई एवं महिला की स्थिति नाजुक बनी हुई है। अस्पताल मे भर्ती करते समय दिखाई गई सभी सामान्य थी डॉ साधना पटेल द्वारा ऑपरेशन में लापरवाही की गई जिस कारण से शिशु की मौत हो गई। अब देखना होगा की प्रशासन द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है।

### राष्ट्रीय कम मींस की परीक्षा का हुआ आयोजन



**नरसिंहपुर।** गत दिवस माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा संचालित राष्ट्रीय मींस कम मेरिट चयन परीक्षा शासकीय पीएम श्री महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में आयोजित की गई परीक्षा में दर्ज 407 परिक्षार्थियों में से 359 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 48 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशों एवं मंडल के नियम अनुसार संस्था प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा केंद्राध्यक्ष के कुशल मार्गदर्शन में शांतिपूर्ण संपन्न हुई परीक्षा में शाला परिवार का पर्यवेक्षण के रूप में एवं अन्य परीक्षा कार्यों में अभूतपूर्व सहयोग रहा।

### हवन पूजन पाठ का आयोजन



**नरसिंहपुर।** रविवार को स्थानीय चौकसे हॉस्पिटल के पास आर्य समाज मंदिर की वैदिक यज्ञशाला में हवन पूजन पाठ किया गया। साथ ही सत्संग में अनेक वक्ताओं ने विचार रखे और आर्य समाज के द्वारा किए जा रहे कार्यों और संगठन संबंधी चर्चा की। आर्य समाज के पदाधिकारी ने बताया कि पिछले 20 वर्षों से पंडित राम मनोहर तिवारी द्वारा दान में दी गई जगह पर स्थित मंदिर में यह पूजा पाठ किया जाता है।

### प्रभारी मंत्री ने भावांतर योजना अंतर्गत समीक्षा बैठक ली

**नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण और जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि सरकार ने किसानों को उनकी सोयाबीन फसल का न्यूतनम समर्थन मूल्य देने के लिए भावांतर योजना को प्राथमिकता के साथ लागू की है, जिसका उद्देश्य किसानों को भावांतर योजना के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य, मंडी मॉडल भाव एवं दोनों के बीच की अंतर की राशि का भुगतान किया जा सके।

## महिलाएं सशक्त व आत्मनिर्भर बनकर संभाल रही परिवार: राज्यपाल

# सरकार का लक्ष्य, नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले

### जनसंवाद कार्यक्रम को किया संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।





रविवार को महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार काम कर रही है। सरकार ने बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ और बेटी बढ़ाओ अभियान चलाकर बालिका और महिलाओं को सशक्त व सबल बनाया है। आज महिलाएं स्वसहायता समूह से जुड़कर रोजगार स्थापित कर महिने में 15 हजार रुपये से 17 हजार रुपये तक की आमदनी कमा रही है। राज्यपाल श्री पटेल रविवार को नरसिंहपुर जिले की ग्राम पंचायत देवरीकलां में आयोजित हितग्राही जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बड़ादेव का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़यिा, तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, रामसनेही पाठक, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र नागेश सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारी और ग्रामीणजन मौजूद थे।

### हितलाभ किया वितरित

राज्यपाल श्री पटेल ने आयोजित कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष की आयु तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभांवित हितग्राहियों से संवाद भी किया। उन्होंने इस अवसर पर 2120 स्वसहायसता समूहों को 32 करोड़ 30 लाख रुपये का चैक प्रदान किया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि आज महिलाएं पुरूषों से भी अधिक परिश्रम कर रही हैं। स्वसहायता समूह के माध्यम से अपना रोजगार स्थापित कर अपने परिवार की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। सरकार के द्वारा बालिकाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना और लाड़ली बहना योजना प्रारंभ की गई है। प्रदेश की महिलाओं को लाड़ली बहना योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बच्चों का शिक्षा स्तर बढ़ा है। स्कूलों में वार्षिक परीक्षाफल के बेहतर परिणाम आ रहे हैं।

### नागरिकों को मिले बेहतर सुविधाएं

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि वर्ष 2047 तक भारत विकसित देश बनेगा। सरकार विकसित भारत के साथ- साथ स्वस्थ भारत के संकल्प को भी पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले, इस दिशा में सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है। नागरिकों को 5 लाख रुपये तक निशुल्क इलाज कराने के लिए आयुष्मान कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीबी के मरीजों का भी लगातार उपचार किया जा रहा है। उन्हें पोषण आहार किट और दवाइयां दी जा रही हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिकल सेल की बीमारी को जड़ से समाप्त करना होगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच परीक्षण कर सिकल सेल बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को चिन्हित किया जा रहा है। जिससे उनका सफल उपचार किया जा सके।

### अभियान को बनाए सफल

प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष की आयु तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी नागरिक अपने बच्चों या आसपास के सभी बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ में ले जाकर पोलियो की दो बूंद दवा जरूर पिलाएं। उन्होंने कहा कि सिकल सेल बीमारी को प्रदेश से समाप्त करने का अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत सिकल सेल बीमारी से पीड़ित मरीजों की पहचान करना और उनका उपचार तथा पीड़ित परिवार की मदद करना शामिल है। उन्होंने बालिकाओं के संरक्षण में मनाए जाने वाले बालिका दिवस के बारे में भी बताया कि बालिका दिवस हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है।

### नागरिकों से सीधा संवाद

प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि राज्यपाल मंगू भाई पटेल को प्रदेश के नागरिकों की अत्यधिक चिंता है। यही वजह है कि आप प्रदेश के विभिन्न जिलों का भ्रमण कर नागरिकों से सीधा संवाद कर रहे हैं। आप प्रदेश के दूरस्थ ग्रामों का भ्रमण करते हैं और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान सहित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों से संवाद भी करते हैं। हम सभी को आपका मार्गदर्शन प्राप्त होता रहे। आयोजित हितग्राही जनसंवाद कार्यक्रम में टीबी फूड बास्केट, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## 60 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त
## 100 किलो महुआ लहान किया नष्ट



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस थाना क्षेत्र मुंवानी पुलिस द्वारा अवैध शराब पर कार्रवाई करते हुए ग्राम पाठा में मुखबिर के सूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम पाठापुरा के खेत मे मकान के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बना रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा दबिश दी गयी जिसके परिणाम स्वरूप भारी मात्रा में शराब जप्त की गयी एवं शराब बनाने की सामग्री तथा महुआ लहान नष्ट किया गया है। आरोपी रू बटईलाल गौड निवासी पाठा से जप्ती 60 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त तथा शराब बनाने की सामग्री एवं 100 किलोग्राम महुआ लहान नष्ट किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मुंगवानी, उप निरीक्षक संजय सूर्यवंशी, प्रधान आरक्षक विवेक तिवारी, करन पटेल, आरक्षक राम डेहरिया, अतुल राजनेगी की सराहनीय भूमिका रही है।

## पांच वर्ष से कम उम्र बच्चों को पिलाई गई दो बूंद जिंदगी

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष की आयु के 170329 बच्चो का लक्ष्य रख गया है। प्रशासन की 1392 कुल टीम, 160 सुपरवाईजर, अभियान में कार्य कर रहे है अभियान में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास विभाग एंव अन्य विभागो के दवारा सहयोग किया जा रहा है। महामहिम मंगूभाई पटैल राज्यपाल मप्र के द्वारा ग्राम देवरी कला में पोलियो की दवा पिलाई गई। इस अवसर पर प्रहलाद पटैल केबिनेट मंत्री, उदय प्रताप सिंह केबिनेट मंत्री, श्रीमति ज्योति नीलेश काकोड़यिा, मुलायम सिंह पटैल विधायक तेदूखेडा, महेन्द्र नागेश विधायक गोटेगॉव, श्रीमति अनीता राजेन्द्र, ठाकुर रामस्नेही पाठक जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, श्रीमति रंजनी सिंह कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक मीणा उपस्थित रहें। श्रीमति रंजनी सिंह कलेक्टर के मार्गदर्शन में एंव मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनीष मिश्रा के निर्देशन में अभियान संचालित किया गया। अभियान का शुभारंभ जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में श्रीमति रंजनी सिंह कलेक्टर एंव नीरज दुबे अध्यक्ष नगर पालिका द्वारा बच्चो को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया अभियान के शुभारंभ में डॉ राजकुमार चैधरी सिविल सर्जन, डॉ जी पी भनारिया डीएचओ, पंकज वर्मा, रंजीत चैधरी जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में शुभारंभ के समय में उपस्थित रहे।

## अवैध शराब बंद करवाने हेतु ग्राम वासियों ने पुलिस अधीक्षक को सौपा ज्ञापन



**गोटेगांव।** मुंगवानी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया में सर्व समाज एवं ग्राम के लोगो ने एक जुट होकर नशा मुक्ति समाज को रखने नरसिंहपुर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सोंपकर मांग की है कि जो व्यक्ति शराब बना रहा है और बेच रहा है ऐसे व्यक्ति सामाजिक एवं कानूनी तौर पर दंडनीय है उनको समाज से भी बहिष्कार किया जाएगा जिसमे अगर कोई विवाद होता है तो पुलिस हमारा सहयोग करें समस्त ग्राम पंचायत पिपरिया के व्यक्तियों ने बैठक कर निर्णय में नशा मुक्ति की बात रखी गयी शराब का नशा करने वाले व्यक्तियों कि सामाजिक,धार्मिक एवं ग्राम के परिवारों में छवि खराब होती है। और इस कारण से शराब का सेवन करने से ग्राम परिवार और समाज में गलत प्रभाव और ग्राम के सर्व समाज की आस्था गलत दिशा पर जा रही है। जिस कारण से शराब के सेवन से समस्त ग्राम में चोरियां भी होती है तथा ऐसी वारदातों पर अंकुश लगाया जा सक। इसलिए सर्व सहमति से ग्राम के उपस्थित ग्राम वासियों द्वारा निर्णय लिया गया है कि जो व्यक्ति शराब बना रहा है ओर बेच रहा है, सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में बाधा डाल रहा है। ऐसा व्यक्ति सामाजिक एवं कानूनी तौर से दंडनीय हांगा तथा सामाजिक व्यवस्था से वंचित रहेगा। इनका कहना हैपिपरिया के कुछ ग्रामीण शिकायत पत्र लेकर आए थे जिन्होंने अपने गांव में किसी भी प्रकार की शराब न उतरने के संबंध में ना पीने के संबंध में न बनने के संबंध में एक आवेदन पत्र दिया हे पुलिस उनकी सराहना करती है उनके प्रयासों में पुलिस पूरी तरह उनके साथ है आज भी थाना मुंगवानी प्रभारी ने वहां पर दबबिश दी थी ओर पिपरिया ग्राम के ग्रामीणों की इस पॉजिटिव सोच के लिए हम लगातार हम अपना प्रयास करेंगे वहां पर किसी प्रकार की शराब का विक्रय न होने पाए हम लगातार निगरानी कर रहे हैं।

## खेल से शारीरिक मानसिक बौद्धिक विकास होता है संगठन मंत्री अमित दवे



**गोटेगांव।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव में अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता बहन 14 17 19 वर्ग समूह की आज प्रारंभ हुई मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक श्री महेंद्र नागेश अध्यक्षता हाकम सिंह चढ़ार विशिष्ट अतिथि महाकौशल प्रांत सरस्वती शिक्षा परिषद के संगठन मंत्री अमित दवे प्रतियोगिता संयोजक कुलदीप राज जिला पंचायत नरसिंहपुर की अध्यक्षा ज्योति ककोड़िया समाजसेवी पंकज खरया की उपस्थिति में मां भगवती वीणा वाधिनीज्ञान की दात्री मां सरस्वती जीके पूजन से शुभारंभ हुआ स्वागत क्रम में संस्था की व्यवस्थापक राजकुमार जैन रवि शंकर पाराशर चंद्रगुप्त आर्य शिवाजीराव पाटिल देवदत्तपचौरी ने स्वागत किया विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान विद्या भारती राष्ट्रीय वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता मैं पूर्वी उत्तर प्रदेश मध्य क्षेत्र पश्चिम उत्तर प्रदेश उत्तर क्षेत्र पूर्वीउत्तर प्रदेश कुल आठ क्षेत्र से 251 बहनों ने 14 17 19 वर्ष समूह की प्रतियोगिता में भाग ले रही है आज उद्घाटन मैच में मैच में निर्णायक एवं खिलाड़ियों का परिचय पूर्व विधायक हुकम सिंह चढार राजकुमार जैन देवदत्त पचौरी वीर सेन सोनी सुरेश चंद्र अग्रवाल एवं अन्य अतिथियों द्वारा परिचय लिया गया अखिल भारतीय वॉलीबॉल निर्णायकों का देश भर से आए निर्णयको विवेकानंद जी अक्षय प्रधान विपिन शर्मा प्रताप रजक सिद्धार्थ शंकर दिलीप चौधरी प्रमोद सहारिया मानस बेहरा घनश्याम दीपक शर्मा द्वारा उद्घाटन मैच में पश्चिम उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान के बीच मुकाबला हुआ जिसमें पश्चिम उत्तर प्रदेश टीम विजयी रही आज 10 मैच खेले गए जिसमें दक्षिण क्षेत्र से सलीम विद्यालय की पहली विजेता रहीप्रधानाचार्य नर्मदा प्रसाद गुप्ता प्रभारी प्राचार्या संतोष बैंन राम सिया मिश्रा किशोर शुक्ला संजय जैन मुकेश सोनी कृष्णकांत गढेवाल राजेश मेहरा धनीराम पटेल सविता राजपूत आरती पटेल तनु जैन पूजा रैकवार दीपिका पटेल आदि का सहयोग रहा एवं कार्यक्रम का संचालन अग्निहोत्री द्वारा किया गया1



## मदनपुर में निकला पथ संचलन

तेंदूखेड़ा

रविवार को मदनपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मंडल मदनपुर खंड तेंदूखेड़ा में विजयदशमी उत्सव मनाया गया । जिसमें स्वयंसेवकों को एकत्रीकरण कर एक विशाल पथ संचलन निकाला गया।संचलन के पूर्व हुए बौद्धिक कार्यक्रम में मुख्य वक्ता गोविंद सिंह किरार ने राष्ट्र विरोधी ताकतों पर तीखा प्रहार किया और संघ की 100 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला ।बौद्धिक के उपरांत देश प्रेम की अटूट भावना से ओत-प्रोत स्वयंसेवकों ने एक विशाल समूह ने साथ ग्राम के मुख्य मार्गों से पथ संचलन किया । जिसमें भारत माता की सजीव झांकियां और परमपूज्य गुरुजी डा हेडगेवार का चित्र के साथ मुख्य मार्गों पर महिला-पुरुषों और बच्चों सहित विभिन्न सेवा भावी संगठनों ने श्रद्धा भाव के साथ पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत करते हुए उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर ग्राम के प्रतिष्ठित रिटायर्ड शिक्षक रघुवीर प्रसाद खरे तथा तहसील प्रमुख दीपक राव शेकटकर भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## ॐ हनु हनुमते नमः... जय श्री राम 'ते पितु मातु कहिउ सखी केसे। जिन्ह पठए बन बालक ऐसे।।'



गोटेगांव।

हनुमानजी जी की महाआरती का भव्य आयोजनश्रीधाम -श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मे बजरंग सेना नर्मदाखंड महाआरती समिति के तत्वाधान में रामभक्त हनुमान जी की महाआरती पं दीपक तिवारी जी के आचार्यत्व में पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि विधान के साथ बालू उमरे की प्रथम पुण्यतिथि पर आदर्श उमरे/पिता स्व.बालू उमरे द्वारा अंजनीसुत को उनके प्रिय लड्डुओं एवं आलूवनडे का भोग अर्पित कर भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु जनों द्वारा सामूहिक रूप से श्री राम स्तुति,श्री हनुमान चालीसा,श्री हनुमान जी की महाआरती का गायन किया गया गौरतलब है कि श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर महाआरती समिति द्वारा प्रत्येक शनिवार को संकट मोचन जी की संगीतमय महाआरती विगत 5 वर्षों से भी अधिक समय से एवं 304 वें सप्ताह से निरंतर जारी हे साप्ताहिक संगीतमय महाआरती के पश्चात समिति की भजन मंडली के सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से भजनों की अनुपम प्रस्तुति की गई जिसमें पप्पू सोनी धर्मेंद्र चौबे सुशील दुबे कमल स्वामी विद्याचरण पाराशर तारा कहार मुकेश सोनी पंकज नोरिया विजेंद्र ठाकुरएवं सहयोगियों के द्वारा महाआरती संपन्न हुईइस अवसर पर इनकी रही उपस्थिति रघुनाथ राय दीपक सराठे कन्छेदी पटेल मयंक शर्मा नीरज नेमा दीपक सोनी मुकेश ठाकुर शिवम पटेल शिवकुमार विश्वकर्मा मनोज नामदेव शिवम मनीष साहू निहाल अग्रवाल विनोद साहू विमलेश राय परेश नामदेव मनोज नामदेब नारायण सोनी महेन्द्र पटेल बटुक सेवक अक्षत सराठे, अनुज ठाकुर ऋषि विश्वकर्मा, अभिनंदन अग्रवाल मातृशक्ति से मंजुला गुप्ता सुषमा उमरे,सरला उमरे ,सोनाली नामदेव, अनिता राय, संगीता चौबे सृष्टि सराठे, प्रीति भारद्वाज,लीलावती पटेल मुस्कान सोनी ऋषिका विश्वकर्मा एवं नन्हे मुन्ने बच्चों की उपस्थिति रही1



## पोलियो की दवा: पोलियो हवा!

**गोटेगांव।** भारत पोलियो मुक्त – हमारा गर्व, हमारी जिम्मेदारी विगत 13 वर्षों से भारत पूर्णतः पोलियो-मुक्त है। यह हम सबके लिए गर्व और प्रसन्नता की बात है कि पिछले एक वर्ष में देश में कोई नया पोलियो केस नहीं पाया गया है।विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा पोलियो मुक्त भारत का सपना साकार करने हेतु इसे जन आंदोलन का स्वरूप दिया गया है।इसी क्रम में नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत 12 अक्टूबर 2025 (रविवार) को प्रत्येक पोलियो बूथ पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जा रही है।जो बच्चे किसी कारणवश बूथ पर दवा नहीं ले पाए हैं, उन्हें 13 अक्टूबर 2025 से डोर-टू-डोर (घर-घर) जाकर पोलियो की खुराक दी जाएगी।नगर के 15 वार्डों में पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं।इसी क्रम में बजरंग वार्ड स्थित हनुमान मंदिर में बने पोलियो बूथ पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि श्रीमती माया बिहारी चांदोरिया द्वारा बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई।उन्होंने वार्डवासियों एवं नगरवासियों से अपने बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाने की अपील की।इस अवसर पर आशा कार्यकर्ता श्रीमती रूकमणि चंचल, आंगनवाड़ी सहायक कु. हर्षा बझैया, सुनील भनारे, रामकुमार मेहरा, उमाशंकर कतिया सहित अनेक वार्डवासी उपस्थित !